हीवेट पॉलीटेक्निक, महानगर, लखनऊ

पत्रांक:– एच0पी0 / 2018–19 / नियुक्ति / संविदा / 217 लखनऊ, दिनांक:– 20/09/18

सेवा में,

श्री देवकी नन्दन शुक्ला पुत्र श्री लालजी शुक्ला
पता– डी–1395 / 3,
इन्दिरा नगर, लखनऊ (उ0 प्र0)
पिन– 226016

विषय:– संविदा के आधार पर नियत वेतन पर नियुक्ति।

महोदय,

आपको अवगत कराया जाता है कि आपने अपने आवेदन पत्र दिनांक 10.07.2018 द्वारा संस्था में प्रवक्ता–कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 (संविदा के आधार पर) पद हेतु आवेदन किया था। चयन समिति द्वारा उक्त पद पर प्रथम स्थान पर श्री आशीष अग्रवाल एवं द्वितीय स्थान पर आपको चयनित किया था। किन्तु श्री आशीष अग्रवाल द्वारा उक्त पद पर ज्वाइनिंग के पश्चात् दिनांक 18.09.2018 को अपने पद से त्याग–पत्र दे दिया गया। अतः वरीयता कम में द्वितीय स्थान पर होने के कारण संस्था में चल रहे स्ववित्तपोषित पाठ्यकम इन्फारमेशन टेक्नालॉजी (प्रथम पाली) के अर्न्तगत शासनादेश सं0–278 / 16–प्रा0शि0–3–2003–12(बी)2002, दिनांक 27 मई 2003 द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार आपकी नियुक्ति **प्रवक्ता– कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0** के पद पर शासनादेश सं0–1448 / सोलह–3–2016–12(बी) / 2002 प्रा0शि0 अनु0–3 लखनऊ दिनांक 16.08.2016 में दी गयी व्यवस्था के कम में **रू0 21000 / –** मासिक समेकित वेतन पर प्रथम चरण में 11 माह के अनुबन्ध पर निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के साथ की जाती है:–

1. संविदा की अवधि समाप्त हो जाने के उपरान्त प्रबन्ध तंत्र द्वारा चयन की कार्यवाही पुनः की जायेगी। जिससे आपकी पुनः नियुक्ति पर गुण–दोष के आधार पर ही विचार किया जा सकेगा।
2. आप संस्था के प्रबन्ध तंत्र को एक माह का नोटिस देकर सेवा से त्याग–पत्र दे सकेंगे। इसी प्रकार कार्य के संतोषजनक न होने की स्थिति में प्रबन्ध तंत्र द्वारा आपको एक माह का नोटिस देकर संविदा अवधि में कभी भी हटाया जा सकेगा।
3. नियुक्ति आदेश निर्गत होने पर यथाशीघ्र अथवा अधिकतम 15 दिन के भीतर कार्यभार ग्रहण करना होगा। कार्यभार निर्धारित समय से ग्रहण न करने की दशा में आपका नियुक्ति अधिकार स्वतः समाप्त माना जायेगा।
4. प्रत्येक कार्य दिवस में संस्था कार्यकाल की सम्पूर्ण अवधि तक संस्था में उपस्थित रहना होगा।
5. आपको शैक्षणिक कार्य के अतिरिक्त संस्था से सम्बन्धित जो अन्य कार्य दिये जायेंगे उन्हें भी सम्पादित करना होगा तथा परिषद परीक्षाओं से पूर्व छात्रों की पाठ्यचर्या पूरी करनी होगी।
6. कार्यभार ग्रहण करते समय मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त फिटनेस सर्टिफिकेट एवं दो सम्भ्रान्त व्यक्तियों द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
7. संस्था और आपके बीच एक अनुबन्ध–पत्र भरना अनिवार्य होगा, जिसमें आपको दिये जाने वाले वेतन एवं अनुमन्य सुविधाओं का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जायेगा।

यदि आपको उपरोक्त शर्तें स्वीकार्य हो तो अपनी स्वीकृति पत्र देते हुये कार्यभार ग्रहण करने का कष्ट करें।

S. Asthana

(डा0 एस0 अस्थाना)
अध्यक्ष
प्रबन्ध समिति,
हीवेट पॉलीटेक्निक, लखनऊ

पृ0 सं0:– एच0पी0 / 2018–19 / नियुक्ति / संविदा / लखनऊ, दिनांक:–

प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0 प्र0, कानपुर को शासनादेश सं0– 278 / 16–प्रा0शि0–3–2003 –12(बी)2002, दिनांक 27 मई 2003 के सन्दर्भ में [illegible]